तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

12 कौंदकेरा धान खरीदी केंद्र में भारी दबाव किसानों को जगह न मिलने से संघर्ष



14 आजादी के बाद पहली बार टेंगनाबासा से राजपुर तक बनेगी पक्की सड़क





## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



**राजिम।** विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में राजिम के पुराना मेला मैदान में गणतंत दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। यह आयोजन नवयुवक मंडल बेरोजगार संघ द्वारा किया जा रहा है। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि कालेज एवं स्कूली छात्र-छात्राओं का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एनसीसी के जवानों द्वारा नकली युद्ध का प्रदर्शन व स्काउट, गाइड, रेड क्रॉस छात्र-छात्राओं द्वारा आकषर्क मार्च पास्ट किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद विधायक श्री साहू परेड की सलामी एवं निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संघ के सदस्य धीरेंद्र शर्मा ने दी।

### कौन्दकेरा में श्री रामचरित मानस यज्ञ कल से

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत कौन्दकेरा के गौठान परिसर में पांच दिवसीय श्री रामचरित मानस यज्ञ 23 जनवरी दिन शुक्रवार से प्रारंभ होगा वहीं 27 जनवरी तक चलेगा प्रथम दिवस को कलश यात्रा देव स्थापना किया जाएगा साथ ही 24 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग पूजन और प्रवचन कथा होगा कथावाचक यज्ञकर्ता श्री महेन्द्र कुमार ठाकुर जी सिद्धबाबा आश्रम शिवालय परिवार पिपराही वाले भगत के द्वारा अंतिम दिवस को पूर्णाहुति के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी आयोजनकर्ता मन्नू लाल साहू, मनोज यादव ( सरपंच प्रतिनिधि), अरविंद राव चौहान,मोहन दिवान, भैयालाल साहू ने जानकारी दी है ।

### गनियारी में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 24 से 26 तक

**छुईहा बेलर।** ग्राम गनियारी में ग्रामवासियों एंव गायत्री परिवार की तत्वावधान में 24 से 26 जनवरी तक गुरुमाता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी के पावन अवसर पर, गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन रखा गया है। यशवंत साहू, लेखराम साहू ने कहा परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता जी भगवती देवी शर्मा्ष्म संरक्षण में वंदनीया माता जी की जन्म शताब्दी एवं अखण्ड ज्योति शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में अखिल गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में 5 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन ग्राम-गनियारी में किया गया है, जिसमें ग्रायवासी आसपास गायत्री परिवार शामिल होगें।

# गरियाबंद में नक्सलवाद की आखिरी लड़ाई, बंदूक छोड़ अपनों की अपील से लौट रहे भटके कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले में नक्सलवाद अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। जिला पुलिस प्रशासन ने अब बचे हुए नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के लिए एक ऐसी मास्टर रणनीति तैयार की है, जिसमें गोलियों की तड़तड़ाहट नहीं, बल्कि अपनों की ममता और साथ बीते कल की यादें हैं। 19 जनवरी को सरेंडर कर चुके बड़े कैडर के नक्सलियों ने अब जंगल में छिपे अपने साथियों से घर वापसी की भावुक अपील की है।

हाल ही में आत्मसमर्पण करने वाली डीवीसीएम अंजू और उसके साथी बलदेव ने अब बंदूक छोड़कर माइक थाम लिया है। कल तक जो साथी साथ में मिलकर दहशत का पर्याय बने थे, आज वही अंजू अपने बाकी बचे 9 साथियों से अपील कर रही है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ दें। अंजू और बलदेव का कहना है कि सरकार की पुनर्वास नीति नक्सलियों के भविष्य के लिए एक सुनहरा अवसर है।

## सरेंडर कर चुके नक्सलियों ने जंगल में छिपे साथियों से की भावुक घर वापसी की अपील

### पुलिस अधीक्षक से सीधे संपर्क की सुविधा

पुलिस प्रशासन ने इस अभियान को और भी सुलभ बना दिया है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के मोबाइल नंबर के माध्यम से सीधे संपर्क करने की छूट दी गई है। उषा के परिजनों की भावुक अपील के बाद अब पुलिस को उम्मीद है कि इमोशनल कार्ड और पुनर्वास नीति का लाभ देखते हुए ये अंतिम टुकड़ी भी जल्द ही हथियार डाल देगी। गरियाबंद में इस टुकड़ी के सरेंडर करते ही जिला लगभग पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित हो जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि बिना खून बहाए ये साथी मुख्यधारा में लौटें पुनर्वास का भरोसा सरेंडर कर चुके नक्सलियों की बेहतर स्थिति देखकर बाकी सदस्यों में विश्वास जागा है शून्य हिंसा लक्ष्य पुलिस अब मुठभेड़ के बजाय शांतिपूर्ण समर्पण को प्राथमिकता दे रही है।



### पुलिस की मंशा साफ आखरी पंक्ति भी लौटे मुख्यधारा में

पुलिस प्रशासन स्पष्ट कर चुका है कि वह चाहता है कि नक्सलियों की अंतिम पंक्ति भी बिना खून-खराबे के सरेंडर करे और राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का पूरा लाभ उठाए। इस टुकड़ी के आत्मसमर्पण के बाद गरियाबंद जिले से नक्सलवाद का लगभग पूरी तरह से सफाया हो जाएगा।

### इन 9 बड़े चेहरों पर टिकी है नजर

गरियाबंद पुलिस का फोकस अब गोबरा सीतानदी कमेटी के उन अंतिम सदस्यों पर है जो अब भी जंगलों में भटक रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से शामिल हैं - डीबीएमसी उषा, ज्योति, उमा, रीना एवं अन्य 5 सक्रिय सदस्य।

## आमानाला जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का विधायक रोहित साहू ने किया भूमिपूजन, क्षेत्र में हर्ष व्याप्त

# हर खेत तक पानी और हर गांव तक विकास ही मेरा लक्ष्य : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

राजिम विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने एक बार फिर किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। हर खेत को पानी और हर गांव का समग्र विकास के अपने संकल्प को दोहराते हुए विधायक रोहित साहू ने आज ग्राम अमेठी में आमानाला जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नहर सुदृढ़ीकरण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। इस परियोजना की शुरुआत से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की वर्षों पुरानी सिंचाई संबंधी समस्याओं का निदान होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि मेरी राजनीति का मुख्य केंद्रबिंदु जनसेवा और विकास है। क्षेत्र की प्रमुख मांगों में आमानाला जलाशय और कोटरी नाला जलाशय सहित नहरों के जीर्णोद्धार की मांग शामिल थी वर्षों बीत जाने के बाद भी यहां के किसानों को जलाशय का लाभ नहीं मिल रहा था। जब जब क्षेत्र के लोगों ने मुझे समस्याओं से अवगत कराया तब तब मेरा एक ही प्रयास था कि हर खेत तक पानी पहुंचना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं और जब तक उनके खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचेगा, तब तक विकास की बातें अधूरी हैं। आमानाला जलाशय का यह जीर्णोद्धार कार्य इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। युवा भाजपा नेता राजू साहू ने विधायक रोहित साहू द्वारा क्षेत्र के विकास में किए गए अनेक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आमानाला जलाशय परियोजना के पूर्ण होने से किसानों को अनेक लाभ मिलने वाला है। किसान और भी अधिक समृद्ध होंगे। क्षेत्र में जितने भी विकास कार्यों की सौगात मिल रही है वह भाजपा की सरकार और विधायक रोहित साहू के भगीरथ प्रयास से मिल रही है। कार्यक्रम को भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा आदि ने भी संबोधित किया तथा सरकार व विधायक रोहित साहू के प्रयासों की प्रशंसा कर क्षेत्र के किसानों को बधाई दी।





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच अमेठी निर्मला बारिहा, चंद्रहास बारिहा सरपंच ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द, उगेश कमार सरपंच देवगांव, संदीप पांडे महामंत्री किसान मोर्चा, जगदीश यदु मंत्री भाजपा, पालेंद साहू, वेदराम नंदे, श्री राम ध्रुव, शत्रुघ्न सिंन्हा, भुनेश्वर साहू, मनीराम यादव, गोवर्धन पटेल, भूषण दिवान, पन्ना बंजारे, सेवक राम दिवान सहित क्षेत्र के किसान और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### खेतों तक आसानी से पहुंचेगा पानी

बांध के जीर्णोद्धार से जलाशय की पानी संग्रहण की क्षमता बढ़ेगी। तथा नहरों के सुदृढ़ीकरण से टेल एरिया के खेतों तक भी आसानी से पानी पहुंच सकेगा। बेहतर सिंचाई सुविधाओं से फसल की पैदावार बढ़ेगी, जिससे किसानों की आय में इजाफा होगा। इसके अलावा भू-जल स्तर को बनाए रखने में भी यह परियोजना सहायक होगी। लंबे समय से उपेक्षित पड़े इस जलाशय के कायाकल्प की शुरुआत होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि विधायक रोहित साहू ने उनकी उचित मांग को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए विकास की सौगात दी।

## दिव्यांग आश्रम का बाल कल्याण समिति ने किया निरीक्षण



**गरियाबंद।** बाल कल्याण समिति के माननीय सदस्यों द्वारा जिले में संचालित आमडी रोड स्थित कलार समाज भवन में संचालित दिव्यांग आश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि आश्रम में निवासरत बच्चे नाबालिग अवस्था में हैं तथा कई बच्चे दिव्यांग श्रेणी के हैं। बाल कल्याण समिति, बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के उद्देश्य से स्थापित एक न्यायिक पीठ है, जिसका दायित्व बच्चों के हितों की रक्षा करना है। निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा बच्चों की देखरेख, संरक्षण, खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था एवं आश्रम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया।

- नाबालिग बच्चों की देखरेख, साफ-सफाई व पंजीकरण को लेकर संस्था प्रभारी को दी गई समझाइश

समिति के माननीय सदस्यों ने संस्था प्रभारी को निर्देशित किया कि बच्चों को विशेष देखभाल प्रदान की जाए, उनके पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा आश्रम से संबंधित सभी कागजी कार्यवाही एवं दस्तावेजों का विधिवत संधारण किया जाए। इस दौरान यह भी अवगत कराया गया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत प्रत्येक बाल देखरेख संस्था का पंजीकरण अनिवार्य है। संबंधित संस्था प्रभारी को उक्त अधिनियम के तहत आश्रम का पंजीकरण शीघ्र कराने का आग्रह किया गया। बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत होने वाले बच्चों एवं पूर्व में प्रस्तुत किए गए दिव्यांग बच्चों की स्थिति की जानकारी लेने, उनकी परेशानियों एवं आवश्यकताओं को समझने के उद्देश्य से यह निरीक्षण किया गया। मौके पर बाल कल्याण समिति की माननीय सदस्य मोनिका तिवारी एवं माननीय सदस्य प्रीति मिश्रा उपस्थित रहीं, जिन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी स्थिति का जायजा लिया।

## विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान व स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

शिक्षा मंत्रालय और एआईसीटीई की पहल पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ आनंद महलवार एवं कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने भी अपना संबोधन दिया।

- आईएसबीएम विश्वविद्यालय में नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन, छात्रों को मिला रचनात्मक मंच



इस अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल ने कहा कि डॉ. विनय एम. अग्रवाल ने कहा कि नवाचार ही किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार होता है। आज के विद्यार्थी केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि समस्याओं के समाधान खोजने वाले नवाचारी विचारक बनें। शिक्षा का वास्तविक ▶▶ शेष पेज 12 पर

### नवाचार प्रदर्शनी से विद्यार्थियों का होता है विकास: कुलसचिव भोल

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने कहा कि इस प्रकार की नवाचार प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीमवर्क और संगठनात्मक दक्षता का विकास होता है। यह आयोजन शैक्षणिक गतिविधियों को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी ने दिया तथा संचालन सुश्री सुकृति पाठक ने किया। स्वागत वक्तव्य छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष बिस्वास ने दिया।

## नवापारा में दिनदहाड़े हो गई पाकेटमारी

**नवापारा-राजिम।** अभी तीन दिन पहले जैन समाज के संतो के आगमन पर निकाली गई स्वागत रैली के दौरान दिनदहाड़े पाकेटमारी की घटना हो गई। भीड़ का फायदा उठाकर भिलाई से पहुंचे एक शातिर युवक ने नगर पालिका परिषद के पूर्व सभापति रमेश तिवारी के पाकेट पर हाथ साफ कर 8 हजार रूपए निकालकर भागने लगा। इस घटना की भनक लगते ही मौजूद लोगो एवं पुलिस कर्मियो ने उस युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक अपना नाम लक्ष्मीनगर सुपेला भिलाई का निलेश मेश्राम बताया। पुलिस ने इस पाकेट मार से 8 हजार रूपए ▶▶ शेष पेज 12 पर

## शंकराचार्य को शाही स्नान से रोकना सनातन परंपरा का अपमानः बेसरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद।

गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रयागराज माघ मेला में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने की घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल एक संत का, बल्कि सनातन धर्म और सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं का खुला अपमान है।

- कांग्रेस की प्रेस वार्ता, प्रयागराज माघ मेला घटना की कड़ी निंदा

सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार स्वयं को हिंदुओं की हितैषी बताती है, लेकिन वास्तविकता में वह हिंदू संतों और धार्मिक परंपराओं का लगातार अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और वे पिछले छत्तीस घंटे से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक उनसे संवाद का कोई प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले लगभग चालीस वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अटूट परंपरा है, जिसे न तो मुगलों ने रोका और न ही अंग्रेजों ने, लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने इसे रोककर सनातन परंपरा का अपमान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में पिछले बारह वर्षों से सत्तारूढ़ भाजपा हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही सरकार जगतगुरु शंकराचार्य और उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि समर्थकों के साथ मारपीट की जा रही है, शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है और शंकराचार्य को उनकी पालकी तक जाने की अनुमति नहीं दी जा रही।

### सरकार तत्काल जगतगुरु शंकराचार्य से करें संवाद: बेसरा

उन्होंने यह भी कहा कि जगतगुरु शंकराचार्य का तथाकथित अपराध केवल इतना है कि वे सरकार की कमियों पर सवाल उठाते हैं, अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में अधूरी तैयारियों पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ में अव्यवस्थाओं तथा कोरोना काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों जैसे गंभीर मुद्दों को उठाते हैं। इसी कारण भाजपा सरकार उन्हें निशाना बना रही है। अंत में सुखचंद बेसरा ने मांग की कि सरकार तत्काल जगतगुरु शंकराचार्य से संवाद करे, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे और शाही स्नान जैसी प्राचीन धार्मिक परंपराओं में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप बंद करे।

## सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में कांग्रेस का ऐलान - रोजगार पर हमला बर्दाश्त नहीं

# अमेठी-मुड़ागांव में मनरेगा बचाओ कार्यक्रम बना जनआक्रोश का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

जिले के ग्राम पंचायत अमेठी एवं मुड़ागांव में 20 जनवरी को आयोजित मनरेगा बचाओ कार्यक्रम अब एक साधारण सभा नहीं, बल्कि ग्रामीण आक्रोश का बड़ा मंच बन गया। सुबह से ही दोनों गांवों में हलचल थी। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा मजदूर और हाथों में तख्तियां, नारों की गूंज और मंच से निकलती तीखी आवाज़ों ने माहौल को आंदोलनकारी रूप दे दिया।

- महिलाएं, मजदूर और युवा उतरे सड़क पर, सरकार के खिलाफ गूंजे नारे

कार्यक्रम की अगुवाई जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने की। मंच पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान, ब्लॉक प्रभारी शुघरमल आड़े, सह प्रभारी कमल यदु, प्रशासनिक महामंत्री प्रहलाद यदु तथा मंडल अध्यक्ष केवल साहू मौजूद रहे। इनके साथ चित्रसेन डडसेना, इंद्रवंत सिन्हा, मन्नू चौहान, अमृत निर्मलकर, राकेश ध्रुव, इंदु देवांगन, देशबाई ध्रुव, अशोक नवरंगे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।




### मनरेगा में पारदर्शिता खत्म होती जा रही है: कांग्रेस

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान ने आरोप लगाया कि सरकार ने मनरेगा को कागजों में जिंदा और जमीन पर मरा हुआ बना दिया फावड़ा नहीं चल रहा। मजदूरों को न तो समय पर काम मिल रहा, न मजदूरी। ब्लॉक प्रभारी शुघरमल आड़े और सह प्रभारी कमल यदु ने कहा कि मनरेगा में पारदर्शिता खत्म होती जा रही है। पंचायतों को न तो पर्याप्त बजट मिल रहा है और न तकनीकी स्वीकृतियां समय पर दी जा रही हैं। इसका सीधा नुकसान गरीब मजदूरों को उठाना पड़ रहा है। प्रशासनिक महामंत्री प्रहलाद यदु ने कहा कि यह आंदोलन केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि हर उस परिवार का है जिसकी रोजी-रोटी मनरेगा से जुड़ी है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी पीड़ा रखी। अमेठी की महिलाओं ने बताया कि कई महीनों से गांव में कोई काम स्वीकृत नहीं हुआ। प्रशासन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि मनरेगा को कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। गांव-गांव में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

### सरकार पर साधा निशाना

सभा को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू ध्रुव ने तीखे शब्दों में कहा कि मनरेगा गरीबों के लिए केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जीवन की डोर है। जब खेतों में काम नहीं होता, तब मनरेगा ही गरीब के चूल्हे को जलाता है। आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं कि मजदूर काम मांग रहा है, लेकिन पंचायतों के पास स्वीकृति नहीं है। मजदूरी महीनों तक अटकी रहती है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने कहा कि गांव-गांव में जानबूझकर काम बंद कराए जा रहे हैं। "मनरेगा को कमजोर करने की साजिश चल रही है ताकि गरीब मजबूर होकर पलायन करे। लेकिन कांग्रेस इस साजिश को कामयाब नहीं होने देगी। हर पंचायत में आंदोलन खड़ा होगा, हर दफ्तर तक आवाज पहुंचेगी,उन्होंने हुंकार भरी।

## खबर संक्षेप

### सूने घर से गहने और नगद रकम की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के वार्ड 14 पोटरपारा स्थित एक सूने मकान से गहने और नगदी रकम की चोरी के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस को विकास चंद्राकर ने बताया कि 19 जनवरी को वह ट्रक चलाने के लिए बाहर गया था, वहीं उसकी मां संतोषी चंद्राकर अपने मायके आरंग गई थी। घर में कोई नहीं था। 19 जनवरी की रात लगभग 9 बजे जब वह अपने घर लौटा तो देखा कि घर की खिड़की के ऊपर का झरोखा टूटा हुआ था, घर के अंदर का सामान पूरा बिखरा हुआ और आलमारी खुला था, जिसमें से 01 जोड़ी सोने का झुमका, 04 नग अंगूठी, 01 नग गले का हार, 04 नग चांदी की सांटी एवं 01 नग चांदी का करधन कीमत लगभग 150000 रुपए एवं नगदी रकम 26000 रुपए कुल 176000 रुपए नहीं था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लया गया है।

### बाइक सवारों के कब्जे से ढाई लाख का गांजा बरामद



**महासमुंद।** पलसापाली बैरियर के पास बसना पुलिस ने बाइक सवारों के कब्जे से ढाई लाख रुपए का करीब पांच किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी04एनजी5973 में सवार होकर दो व्यक्ति सवार आए जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पुलिस टीम ने पकड़ा। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम अक्षय पिता राजपाल सिंह (23 साल) चांदपुर नौवाबाद थाना बिजनौर जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गुलशन कुमार पिता राजवीर सिंह (22 साल) हबीबपुर थाना अरनीया जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर उनके से एक सफेद रंग के बोरी से 5.120 किग्रा गांजा कीमत 2,50,000 रुपए व बाइक बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पेज 11 के शेष

### विद्यार्थियों को नवाचार...

उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, अनुसंधान की प्रवृत्ति और तकनीकी सोच का विकास करना है। ऐसी नवाचार प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अपने विचारों को मंच प्रदान करती है तथा उन्हें आत्मनिर्भर और उद्यमशील बनने की दिशा में प्रेरित करती है।

विद्यार्थियों को प्रयोगधर्मी शिक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यमः अग्रवाल

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा मंत्रालय और एआईसीटीई की यह पहल विद्यार्थियों को प्रयोगधर्मी शिक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, ताकि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि नवाचार प्रदर्शनी विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को पहचानने और उसे दिशा देने का प्रभावी मंच है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने ज्ञान को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत करना सीखते हैं, जो भविष्य की चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार करता है।

### नवापारा में दिनदहाड़े ...

की बरामदगी की। इन्हें गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर रायपुर न्यायालय भेजा गया। बताते है कि शोभायात्रा के दौरान कईयो के जेब पर हाथ साफ किया गया है। स्थानीय नागरिको और व्यापारियो ने बड़े आयोजन के समय पुलिस को चौकन्ना रहने कहा है ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

---

### धान का समय पर उठाव न होने से खरीदी केंद्र की व्यवस्था चरमराई

# कौंदकेरा धान खरीदी केंद्र में भारी दबाव किसानों को जगह न मिलने से संघर्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**



गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत कौंदकेरा के धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी केंद्र पूरी तरह से चरमरा गया है, जिसका मुख्य वजह धान का उठाव न हो पाना है इस वर्ष शुरू से ही धान का उठाव सही समय पर नही होने के कारण ख़रीदी केंद्र पूरी तरह धान के बोरी से भर जाने के कारण जगह का अभाव हो गया है, जिसके कारण किसान अपने धान के ढेर को रखने के लिए आपस मे लड़ाई करने के लिए मजबूर हों रहे है, किसानों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो रही है, किसानो को अपने धान लिए जगह बनाने के लिए भारी जद्दोजहद मसक्कत करना पड़ रहा है इससे एक दिन पहले हेमाल किसानों के लिए जगह बनाते है तब जाकर किसान अपने धान को बेचने के लिए पहुँच पा रहे है।

जब किसान सुबह अपने धान को लेकर खरीदी केंद्र पहुँचते है तो जगह नही होने के कारण खरीदी केंद्र के बाहर सबसे पहले ट्रैक्टर और गाड़ियों का कतार लग जाती है पूरा कोपरा पोखरा सड़क मार्ग जाम हो जाता है जिससे आने जाने वाले अन्य राहगीरों को परेशनियों का सामना करना पड़ता है। किसानों की परेशानी इतना ज्यादा है किसान अपने अन्न धान को बेचने के लिए कही सड़कों पर तो खरीदी केंद्र तार घेरा में जान जोखिम डालकर धान के ढेर को रखकर बोरी में भरने को मजबूर है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण जिला सहकारी समिति कौंदकेरा के प्रबंधक समिति से समस्या का मुख्य कारण जानना चाहा तो सही समय पर धान का उठाव न हो पाना बताया इसके लिए अपने उच्च अधिकारियों को बार बार अवगत करा चुके है लेटर के माध्यम से भी जानकरी पहुँचा चुके बावजूद इसके एक या दो दिन एक्का दुक्का गाड़ी परिवहन के लिए लग रहा है। जिसके कारण जगह नही बन पा रहा है।

#### 500 बोरी के आसपास धान खरीदी बाकी

आपको बता दे कि ग्रामीण जिला सहकारी समिति कौंदकेरा में लगभग 1190 किसानों पंजीयन हुआ है जिसमे लगभग 60 हजार 900 किवंटल धान यानी कि 1लाख 52 हजार 250 बोरी का खरीदी होना है जिसमे आजतक लगभग 48 हज़ार किवंटल धान खरीद कर भंडारण हो चुका है जिसमे बमुश्किल एक दो गाड़ी में सिर्फ 600 से 1200 तक बोरी का परिवहन एक दो दिन बाद हो रहा है इतने कम परिवहन में खरीदी केन्द्र में जगह बनाना समिति के लिए भी बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है अभी लगभग 13 हजार किवंटल यानी कि लगभग 32 हजार 500 बोरी के आसपास धान खरीदी करना बाकी है जो समिति के साथ साथ किसानों के लिए बहुत बड़ी समस्या है।

#### सही समय पर धान का परिवहन जरूरी

शासन प्रशासन एक ओर किसानों की हितो की बड़ी बड़ी बात कर पोस्टर बैनर लगाकर वाहवाही लूट रही है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और बयाँ कर रही है अगर सही समय पर ढंग से धान का परिवहन नही हो पायेगा तो खरीदी केंद्र को बंद करना पड़ सकता है जिससे कई किसान धान बेचने से वंचित हो सकते है जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की ही होगी। कई किसान कर्ज लेकर खेती करते है ऐसे में उनको धान का सही कीमत नही मिल पायेगा जिससे वह किसी भी प्रकार का कदम उठा सकता है।

---

## छुरा के प्रेमन को मिली स्तबीय मानद उपाधि 2026



**छुरा।** अमर शहीद गैद सिंह नायक की सुनहटी चारों में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ धमतरी के तत्वाधान विभिन्न प्रतिभाओं को राज्य राज्य /राष्ट्रीय स्तबीय मानद उपाधि 2026 से नवाजा गया। जिसमें जिला गरियाबंद आवास पारा छुरा निवासी में छत्तीसगढ़ कथा संस्कृति के संरक्षण संवर्धन में लगातार 15 वर्षों से समर्पित प्रेमन कुमार ध्रुव,पिता बराबु राम, माता स्व.ईश्वरी बाई धुव यह सर्वोच्च उपाधि को प्रदान किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के 78 प्रतिभाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें कला संस्कृति, साहित्य, पत्रकाण्ता कमान सेवा, कृषि महिला उत्थान, बाल विकास स्वास् बादि क्षेत्रों को सम्मिलिकिया गया। उल्लेखनीय है कि ऐसे रचनात्लक कार्यों के लिए अनेकों ससम्माननीय जनों और मित्रों ने बधाई दिए है। इस दौरान जिला गरियाबंद छुरा से कला संस्कृति साहित्य स्वास्थ्य के विकास,सामाजिक, शिक्षा,लोक कला कार, संगीतकार, नृत्यकार, रंगोली, मेहदी इत्यादि के लिए जऊन हमार ध्रुव को राष्ट्रीय पुरुस्कार के सम्मानीत किया भिलाई छतीसगढ़ सम्मानिता हो चुका है, वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

### महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** महुआ शराब का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति वाहन मोटर सायकल एचएफ डीलक्स में अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब रखकर सावित्रीपुर से बसना की ओर आने वाला है। इसके बाद पुलिस की टीम को जर्रा मोड़ एक बाइक आती दिखी, जिसे रोककर पूछताछ की गई।

---

## स्कूलों में ओएमआर सीट आधारित एफएलएन बेसलाइन आंकलन



**नवापारा-राजिम।** जिला में संचालिल पढ़े रायपुर-बड़े रायपुर के तहत कक्षा 1ली से 8वीं तक, स्कूलों में ओएमआर सीट आधारित एफएलएन बेसलाईन आंकलन परिणाम में जिलास्तर में टॉप तृतीय विद्यालयों में, विकासखंड अभनपुर से शा० प्रा० शाला सेमरा आर के रसेल ,शास प्रा. शाला परसट्टी से नीतू बंजारे एवं बजरंगपुर से जीएनपीएस संतोष तारक, प्रधान पाठकों एवं जिले टॉप तृतीय संकुलो में अभनपुर से प्रथम हरिहर स्कूल नवापारा के संकुल समन्वयक विनोद साहनी, द्वितीय कठिया स्कूल के संकुल समन्वयक ज्ञानेश बघेल एवं तृतीय रायपुर जिले के अन्य ब्लॉक को टीम विनोबा ,एबीओ राजेश साहू व बीआरसीसी राकेश साहू द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## शिक्षक संघ ने रिटायर्ड व पदोन्नत कर्मचारियों का किया सम्मान

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के तत्वावधान में गायत्री मंदिर परिसर में वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों एवं पदोन्नत प्राचार्यों व प्रधान पाठकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू रहे। समारोह की अध्यक्षता संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्षा श्रीमती चंद्रिका बंजारे एवं संघ के जिलाध्यक्ष मो. फारूक कादरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकासखंड अभनपुर के लगभग 45 सेवानिवृत्त शिक्षक एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही लगभग 32 पदोन्नत प्राचार्यों एवं 10 प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सफलता में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, अभनपुर इकाई के समस्त पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। समारोह में तहसील इकाई के संरक्षक पवन गुरुपंच, तहसील अध्यक्ष बुद्धेश्वर वर्मा, बुलाकी राम एनेस्वरी, विजय राव, अमित कुमार दुबे, गोपेश साहू, प्रदीप साहू, जितेंद्र सिन्हा, डायमंड सिन्हा, दीपेंद्र सिन्हा, श्रवण देवांगन, दीपक ठाकुर, भूपेंद्र सिन्हा, योगेश निर्मलकर, गिरीश ध्रुव, प्रवीण वर्मा, उपेंद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र वर्मा, रंजीत भारती, हेमलाल ध्रुव, थान सिंह ध्रुव, राममिलन सोनवानी, सुरेश साहू, दिलीप साहू, गौकृति तिवारी, मीरा यादव, कौशिल्या साहनी, राखी मौर, प्रेमलता साहू, धिलेश्वरी साहू, एकता तिवारी, नीतू बंजारे, गिरधर साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## मेरी छवि धूमिल करने एडिट कर वीडियो चलाई जा रही हैः गौरीशंकर कश्यप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**




सीनापाली में ओपेरा आयोजन देखने गए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को उरमाल के अश्लील आयोजन में शामिल होना बताने पर भड़के ग्रामीण थाना पहुंचे और एडिट वीडियो पहुंचाने वाले पर कार्यवाही की मांग कर रहे। जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप भी थाना पहुंच एफआईआर दर्ज की मांग किया।अध्यक्ष बोले मुझ पर लगे आरोप साबित हुए तो मैं पद त्याग दूंगा,कहा निलंबित अधिकारी बर्खास्त शिक्षाकर्मी के साथ मिल क्षेत्र को अशांत करने की कोशिश कर रहा।

मैनपुर विकासखण्ड के उरमाल ओपेरा में आयोजन से हट कर अतिरिक्त अश्लील डांस परोसने से उठी आग की लपटें में अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी लपटने की कोशिश हो रही है। कुछ यूट्यूब चौनल में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप,जनपद उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल को एसडीएम के साथ बैठ कर उरमाल में अश्लील डांस देखने के अलावा वीडियो वायरल नहीं करने के एवज में जिला पंचायत अध्यक्ष को एसडीएम तुलसीदास मरकाम से 2 लाख मांगने की युटुब चौनलों में खबर वायरल हो रहा है। मिक्स और एडिट की गई वीडियो के वायरल के बाद इलाके में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। सीनापाली के 50 से ज्यादा ग्रामीण आज थाना पहुंचकर भ्रामक और एडिटेड वीडियो वायरल करने वाले पर कड़ी कार्यवाही करने देवभोग थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपा है।शिकायत करने पहुंचे ग्राम के उपसरपंच कौशिक नायक,पंच अरुण कश्यप, रूपधर साहू,छगन लाल नायक,कुंजबिहारी सेन ने कहा कि सीनापाली में विगत 40 वर्ष से ओपेरा का आयोजन होते आ रहा है।आयोजन में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कश्यप को 17 दिसंबर को बुलाया गया था।13 दिसंबर से लेकर 18 दिसंबर तक होने वाले आयोजन में किसी भी प्रकार की अश्लीलता व नग्नता नहीं परोसी गई।आयोजन गांव के लोग परिवार के साथ देखे। किन्तु सिनापली में आयोजन देख रहे अतिथियों का वीडियो उरमाल के आयोजन के साथ एडिट कर गांव,समाज और स्थानीय जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है।

#### संदिग्धों से होगी पूछताछः शाह

थाना प्रभारी फैजुल हुदा शाह ने कहा कि शिकायत पत्र मिली है। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। डिजिटल कंटेंट की जांच की जाएगी।अपराध होना पाया जाता है तो उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

#### आरोप सिद्ध करे, पद त्याग दूंगाः जिपं अध्यक्ष

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने आज मीडिया से चर्चा कर कहा कि मुझ पर लगाए आरोप सिद्ध कर दे,मै पद से त्याग दूंगा।आज मैं अपने चरित्र के कारण इस मुकाम तक पहुंचा हु संघ के आदर्श पर चलने वाला इंसान हु। अध्यक्ष ने कहा कि निलबित एसडीएम तुलसीदास निलंबन के बावजूद आज भी मैनपुर के सरकारी क्वाटर में बैठ जमीनों की हेराफेरी की लंबित कायोंर् को कर रहा है।इसके सभी काले कारनामे का सहयोगी एक फर्जी शिक्षाकर्मी है जिसे बर्खास्त कर दिया है।मैंने भी मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही करने एसपी गरियाबंद और थाना प्रभारी देवभोग को लिखित पत्र सौंपा है । अध्यक्ष ने कलेक्टर से सवाल करते हुए पूछा कि निलंबन अधिकारी किस अधिकार से अब भी दो ब्लॉक के हाउसिंग बोर्ड के आवास में अपना डेरा जमाया हुआ है।

## केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने दी तीजादेवी साहू को श्रद्धांजलि

**नवापारा-राजिम।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता स्व तीजादेवी साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू मानिकचौरी पहुंचे। उन्होने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया।



### 26 को गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सोमवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 26 जनवरी को जिले के समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद को बंद रखने तथा उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित करने हेतु आदेशित किया है।

---

# जिला अस्पताल में लापरवाही की हद, मरीजों की जान से खिलवाड़, अव्यवस्थाओं का अंबार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

जिला अस्पताल, जिसे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माना जाता है, इन दिनों बदहाली और भारी अव्यवस्थाओं के बीच नजर आ रहा है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि यहां भर्ती मरीजों के इलाज में बुनियादी प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं किया जा रहा है। स्थिति यह है कि मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

अस्पताल के वार्डों से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे विचलित करने वाली हैं। आमतौर पर एक मरीज को बोतल (ड्रिप) या ब्लड चढ़ाने के बाद इस्तेमाल की गई पाइप और सुई को तुरंत हटाकर डिस्पोज कर देना चाहिए। लेकिन जिला अस्पताल में स्थिति इसके उलट है। यहां कई बेड पर देखा गया कि मरीजों को ब्लड चढ़ाने के बाद इस्तेमाल की गई पुरानी पाइपें अभी भी स्टैंड से लटकी हुई हैं। उन्हीं गंदी और पुरानी पाइपों के बीच ही नए मरीजों को ग्लूकोज की बोतलें (बटला) चढ़ाई जा रही हैं। इससे संक्रमण फैलने का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्टाफ की यह सुस्ती किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है। अस्पताल के भीतर फैली गंदगी भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। बेड के आसपास पड़े इस्तेमाल किए गए कॉटन, पट्टियां और कचरा संक्रमण को न्योता दे रहे हैं। सफाई कर्मियों की कमी है या वे काम नहीं करना चाहते, यह जांच का विषय है।



#### अस्पताल की अव्यवस्था से परिजन परेशान

मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में कोई सुनने वाला नहीं है। अगर कोई शिकायत लेकर जाता है, तो स्टाफ दुर्व्यवहार करता है। एक परिजन ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, स्टैंड पर पुरानी खून वाली पाइप लटकी है, उसे हटाने वाला कोई नहीं। दवा नीचे गिर रही है, पर नर्स कहीं और व्यस्त हैं। जिला अस्पताल की यह तस्वीर सरकारी दावों की पोल खोलती है।

#### सरेआम बह रहा है कीमती लिक्विड

लापरवाही सिर्फ पाइप न हटाने तक सीमित नहीं है। वार्डों में भर्ती मरीजों को जो जीवनरक्षक दवाइयां और ग्लूकोज की बोतलें चढ़ाई जा रही हैं, उनकी सही से मॉनिटरिंग भी नहीं हो रही है। एक मामलों सामने आया है जिसमें देखा गया कि मरीज को चढ़ रही बोतल से लिक्विड सुई के रास्ते शरीर में जाने के बजाय बाहर जमीन पर गिर रहा है। परिजनों का आरोप है कि बार-बार बुलाने के बाद भी ड्यूटी पर तैनात नर्स या वार्ड बॉय बेड तक नहीं पहुंचते। गरीब मरीज, जो बड़ी उम्मीद लेकर सरकारी अस्पताल आते हैं, उनके साथ प्रशासन का यह रवैया बेहद शर्मनाक है।

## अवैध धान भंडारण पर हुई कार्रवाई

### 330 कट्टा धान जब्त एवं 21 एकड़ रकबा का कराया गया समर्पण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दो प्रकरणों में 330 कट्टा अवैध धान जब्त एवं एक कृषक से 21 एकड़ रकबे का समर्पण कराया गया। जिसमें बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खिराडेरा में अवैध धान के संग्रहण की सूचना प्राप्त होने पर मंडी अमले द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए 250 कट्टा धान जब्त किया गया। संबंधित प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई। वहीं तहसील बसना अंतर्गत ग्राम अंकोरी में अवैध धान परिवहन करते 80 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुरकोनी (बिराजपाली) में बृजलाल साव के निवास पर धान के संबंध में सत्यापन किया गया। जांच में पाया गया कि किसान का कुल पंजीकृत रकबा 39 एकड़ है, जिसमें से 21 एकड़ रकबे में धान फसल नहीं पाई गई। इस पर किसान द्वारा 21 एकड़ रकबा समर्पण करने के लिए सहमति दी गई। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन में अनियमितताओं पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### 22 जनवरी को स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन



**रसेला।** ग्राम रसेला के गुरु कृपा विधा मंदिर में 22 जनवरी को स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाला प्रांगण गुरु कृपा विधा मंदिर में शुभारंभ किया जाएगा। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विधार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभा देखने को मिलेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे विधायक जनक राम ध्रुव बिन्द्रानवागढ़, विशेष अतिथि लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य कृषि सभापति, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, अध्यक्षता करेंगे सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव, लोकराम यादव ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, कमलेश्वर नायक, भावसिह मरकाम, सैय्यद चिराग अली जिला महामंत्री कांग्रेस, बिगेन्द्र ठाकुर पूर्व सरपंच, शिवशंकर जयसवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष, भुवेन्द्र मरकाम प्राधिकृत अधिकारी रसेला, देवेश ठाकुर अध्यक्ष पालकसघ गुरु कृपा विधा मंदिर सहित आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### बाइक से शराब परिवहन, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मोटर सायकल हीरो सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीई 4943 में दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर सागरपाली की ओर से सरायपाली की ओर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम नेसरायपाली से सरसींवा जाने वाली रोड ग्राम केंदूढार इमली पेड़ के पास बाइक से आ रहे दो व्यक्तियों को रोका। पूछताछ में मोटर सायकल चालक ने अपना नाम करण अजय पिता जीतेराम अजय (19 साल) झालपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश सिदार पिता फुदू लाल सिदार (19 साल) माधोपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग होना बताया।

# जल जीवन मिशन की रफ्तार सुस्त, कई गांवों में टंकी व पाइपलाइन अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी टंकी का निर्माण किया गया है ताकि प्रत्येक घर में पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो किंतु उक्त कार्य अभी भी काफी विलंब से चल रहा है एवं कहीं टंकी बना है तो पाइपलाइन नहीं और जहां पाइपलाइन लगा है वहां टंकी का कार्य बंद पड़ा है इससे पता चलता है कि क्षेत्र के ठेकेदार और अधिकारी गांव में पानी पहुंचाने के लिए कितने जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं।

विशेष का ठेकेदार द्वारा कई कार्य साथ लिया गया जिसमें खासकर टंकी निर्माण का कार्य काफी समय का है जो कई जगह पर अधूरा पड़ा हुआ है और कई जगह पर अधूरा छोड़कर चल दिए हैं जिससे आगे कार्य करना काफी कठिन हो गया है इसी तरह ठेकेदार जो पाइप लाइन का काम लिया वह गांव के बने बनाए सड़कों को तोड़कर पाइपलाइन डाल दिया है और ना ही सड़क मरम्मत किया है और नहीं पाइपलाइन की टेस्टिंग की है साथ ही साथ नल पोस्ट लगाने में भी काफी असंतुलन की संभावना बनी है क्योंकि सरकार द्वारा नल पोस्ट का भुगतान किया जाना है इसलिए कई कई जगहों पर दो से तीन नल पोस्ट आराम से देखा जा सकता है। ग्राम केवटी झर में टंकी का निर्माण दिसंबर 2023 में पूर्ण दिखाया गया है किंतु अब तक वहां न हीं पानी से जोड़ा गया है और नही गांव में पानी सप्लाई हो रहा है इसी तरह ग्राम नवगई, परसा पानी, खुसरु पाली, रक्सी सहित अन्य गांव में भी टंकी निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है और लोगों तक पानी नहीं पहुंच रहा है जबकि पाइप एवं नल कनेक्शन का कार्य लगभग डेढ़ ,दो साल पहले हो चुका है।

**खास बातें**

- ग्रीष्मकाल में पानी उपलब्ध हो जाएगा: अधिकारी
- सड़कों की खुदाई, टेस्टिंग अधूरी, ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश





### विभाग लगातार कर रहा है काम: एसडीओ, पीएचई विभाग

इस संबंध में पी एच ई के एसडीओ नवीन कुमार साहू ने कहा कि घरों तक पानी पहुंचाने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है, शासन द्वारा भुगतान को लेकर कुछ समस्याएं हैं जिसकी वजह से ठेकेदार काम बंद कर दिया है उनको नोटिस किया जा रहा है, नवगई, परसा पानी में एक महीने में एवं खुसरूपाली 2 महीने एवं अन्य जगहों पर ग्रीष्मकालीन तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## पटाखों और मिठाई के साथ मनाया उत्सव, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी एवं बिहारी सरकार के मंत्री नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओ में भारी उत्साह देखा गया इस दौरान मैनपुर देवभोग क्षेत्र में जगह जगह भाजपा कार्यकर्ताओ ने पटाखे फोड़े मिठाई भाटी एक दूसरे को बधाई देकर खुशियां मनाई।

पार्टी नेताओं ने कहा कि नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना संगठन की मजबुती और कार्यकर्ता आधारित राजनीति की जीत है उनके नेतृत्व में भाजपा देश भर में और अधिक सशक्त होकर जनहित कार्यो को आगे बढ़ायेगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, पूर्व अध्यक्ष रामदास वैष्णव, पूर्व उपाध्यक्ष राकेश दुबे, मोहित द्विवेदी, मनोज निर्मलकर, डाकेश्वर नेगी, अजय बघेल, महेन्द्र सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना ऐतिहासिक निर्णय: डमरूधर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डमरूधर पुजारी ने कहा नितिन नबीन के छत्तीसगढ़ प्रभारी के रूप में कार्यकाल अत्यंत सफल और प्रेरणादायी रहा है उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है सभी कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक निर्णय से अत्यधिक उत्साहित है संगठनात्मक शक्ति और अनुशासन का प्रतीक है उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को और दृढ़ता से आगे बढ़ायेगी।



### संगठन के प्रति समर्पित नेता: पंडित योगेश शर्मा



भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा नितिन नबीन एक अनुभवी दूरदर्शी और संगठन के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित नेता है उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा का उज्जवल भविष्य का संकेत है यह नियुक्ति पूरे भाजपा परिवार के लिए गर्व का विशय है।

### संकल्प और मजबुत होगा: देवेन्द्र ठाकुर



भाजपा के वरिष्ठ नेता किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री देवेन्द्र ठाकुर ने नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कहा श्री नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को उर्जावान बनायेगा और पार्टी के आदर्शो को उंचाई प्रदान करेगा। श्री नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव कार्यकुशलता समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त बनायेगा उनके नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक उंचाईयो को प्राप्त करेगा और उनका मार्गदर्शन पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणा सिद्ध होगा।

### वि"व की सबसे बड़ी पार्टी को और अधिक मजबुती मिलेगा: गुरूनारायण तिवारी



भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी ने कहा नितिन नबीन राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति पूरे भाजपा परिवार के लिए गर्व का विशय है नितिन नबीन नेतृत्व में पार्टी गरीब किसान मजदुर युवा महिलाओ एवं सभी समाज के कल्याण के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगा इससे कार्यकर्ताओं में नया जोश और आत्मवि"वास पैदा हुआ है।

### प्रभावी ढंग से कार्य करेगी पार्टी: नंदनी नेताम



क्षेत्र के भाजपा नेत्री नंदनी नेताम ने कहा यह नियुक्ति से पूरे देश के भाजपा में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है उनका अनुभव और कार्यशैली भाजपा को नई ऊचाईयो तक ले जायेगी इससे कार्यकर्ताओं मे नया जोश और आत्मविश्वास पैदा होगा।

### भाजपा राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को और दृढंता से आगे बढ़ायेगी: दिनेश सचदेव



भाजपा महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा भाजपा राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को और दृढंता से आगे बढ़ायेगी श्री नबीन के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की नई गाथा रचे यही मंगलकामना है यह पूरे देश के कार्यकर्ताओं के गर्व का विशय है कि एक युवा और कर्मठ नेता को दुनिया के सबसे बड़े राजनीति पार्टी की कमान सौपी गई है सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि मेहनत और समर्पण से एक सामान्य कार्यकर्ता भी भाजपा में बड़े पद तक पहुंच सकता है यह निर्णय युवाओ को पार्टी में नई दिशा और नई सोच देने का प्रतीक है।

# यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी: डीएसपी



**मैनपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जिले में चल रहे जागरूकता अभियानों के बीच मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर बाजार प्रांगण में आयोजित सड़क सुरक्षा शिविर ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। पुलिस एवं यातायात विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में सैकड़ो नागरिकों की भागीदारी ने अमलीपदर को पूरे जिले में एक उदाहरण बना दिया।

कार्यक्रम के लिए विशाल पंडाल की व्यवस्था की गई थी, जहां सुबह से ही ग्रामीणों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यातायात विभाग के डीएसपी लितेश सिंह एवं डीएसपी मंजुलता राठौर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यातायात विभाग के डीएसपी लितेश सिंह ने उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, दुर्घटनाओं में इसके महत्व और सुरक्षित जीवन के संदेश को सरल भाषा में समझाया।

- सड़क सुरक्षा का मॉडल बना अमलीपदर: एक दिन में 375 लाइसेंस आवेदन

**एक ही दिन में 375 आवेदनों के साथ लाइसेंस प्रक्रिया पूरी :** डीएसपी मंजूलता राठौर ने नशे की हालत में वाहन नही चलाने, कम उम्र में ड्राइविंग करने से होने वाले कानूनी, सामाजिक और पारिवारिक नुकसान पर गंभीरता से प्रकाश डाला। शिविर के दौरान विभाग द्वारा नागरिकों को हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही कन्या शाला की छात्रओं को सप्रेम भेंट देकर यातायात जागरूकता का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उपस्थित अधिकारियो के अनुसार, जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यह अब तक का सबसे बड़ा शिविर रहा। एक ही दिन में 375 आवेदनों के साथ लाइसेंस प्रक्रिया पूरी की गई। मौके पर 35 लोगों को लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए, जबकि शेष आवेदकों को 1–2 दिनों में लर्निंग लाइसेंस उपलब्ध कराए जाएंगे। एक माह पश्चात आवेदक गरियाबंद आरटीओ कार्यालय से स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, अमलीपदर सरपंच हेमोबाई नागेश, जनपद सदस्य निर्भय सिंह ठाकुर, समाजसेवी श्रवण कुमार सतपति, पूर्व सरपंच सेवन सिंह पुजारी, युवा नेता पंकज माझी, जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, रामाधर मरकाम, पुलिस विभाग से एसआई पी.के. जांगड़े, मेजर राजेश बघेल, रिजवान खान, तथा यातायात विभाग से एसआई रमा मरकाम अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा और वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

# शाला विकास समिति की बैठक में हुई परीक्षा पे चर्चा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज मंगलवार को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया बैठक में समिति के सदस्य व पालकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए जिसमें गणतंत्र दिवस पर्व धुमधाम के साथ मनाने विद्यालय परिसर को रंग रोगन कर इस बार गणतंत्र दिवस पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। वहीं विद्यालय में शिक्षक की कमी के चलते पढ़ाई प्रभावित होने के कारण स्थानीय स्तर पर शिक्षक व्यवस्था कर पढ़ाई को और अधिक गुणवत्तापूर्ण कराने तथा परीक्षा पे चर्चा किया गया। पालक समिति के सदस्यो ने विद्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान स्कूल परिशर में लाखो रूपये खर्च कर आध अधुरा शौचालय निर्माण किया गया है इस शौचालय में अब तक सीट और टाइल्स तथा आवश्यक सुविधा उपलब्ध नही कराया गया है इसको लेकर नराजगी जताई गई। इस बैठक में प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश शर्मा, शेख हसन खान, रामकृष्ण ध्रुव, दुलार सिन्हा, खेत्रे कश्यप, तिलकराम, सद्दाम भट्टी, गोविंद पटेल, गोविंद परस एवं बड़ी संख्या में पालकगण शामिल थे।

- विद्यालय के अधुरे शौचालय निर्माण पर पालकों ने जताई भारी नराजगी



## विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 405 ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

# राज्यपाल गोद ग्राम बिजली में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**फिंगेश्वर।** माननीय राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर उनके गोद लिए ग्राम बिजली विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में 21 जनवरी को स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू. एस.नवरत्न ने बताया की राज्यपाल महोदय जी ने अपने गोद लिए ग्राम में स्वास्थ्य सुविधाओं और समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श दवाइयां और आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा प्रदान करना। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्नेहलता हुमने ने बताया की आज माननीय राज्यपाल महोदय जी के गोद ग्राम में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला गरियाबंद के सौजन्य से आयोजित किया गया था जिसमें हमारे स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं ब्लॉक के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित थे ,जिले से हमारे विशेषज्ञ की टीम जिसमें ,हृदय रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ हरीश चौहान ,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चंचल बंजारे, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ अमन हुमने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ गजेंद्र ध्रुव शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुश वर्मा एमडी मेडिसिन डॉ राकेश भारती नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू , दंत शल्य चिकित्सक डॉ अंकिता अग्रवाल डॉ चेतन नाग ने अपनी सेवाएं प्रदान की,शिविर में कुल 405 व्यक्तियों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया जिसमें स्त्रीरोग 35 नाक कान गला रोग 37 हड्डी रोग 25 सर्जरी 10 शिशु रोग 62 एमडी मेडिसिन 40 नेत्र रोग 32 दंत रोग 40 सामान्य जांच 124 लोगों के द्वारा कराया गया आयुष्मान कार्ड 33 वय वंदना कार्ड 3 लोगों का बनाया गया।



**ये रहे उपस्थित :** शिविर में मुख्य रूप से ग्राम बिजली के सरपंच श्रीमती पदमा मोतीराम निषाद ,सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर श्री नंदू यादव जी, उपसरपंच तोषण पटेल सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम निषाद प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, प्रधानपाठक नंदकुमार यादव व्याख्याता पूरन लाल साहू संकुल समन्वयक भुवन लाल यदु, बीपीएम सौरभ विरमानी बीईटीओ योगेश पराना पर्यवेक्षक राधा सोनी लेख राम वर्मा रमेश साहू सीएचओ पल्लवी सोनी आरएचओ प्रीति तुमनिया स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण मितानिने ग्राम बिजली के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन बीईटीओ योगेश पराना के द्वारा किया गया । शिविर के सफल संचालन हेतु बीएमओ डॉ. हुमने ने ग्राम के सरपंच एवं समस्त जनप्रतिनिधियों, सीएमएचओ सर समस्त अधिकारी कर्मचारियों, मितानिनों समस्त ग्रामवासी व शिविर में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार प्रदर्शन कर धन्यवाद व्यक्त किया है ।

# समाज में सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हमारा मुख्य ध्येय





**फिंगेश्वर।** वार्ड क्रमांक एक व दो दर्रीपार फिंगेश्वर में भक्त गुहा निषाद राज जयंती , समाजिक सम्मेलन एवं लोकार्पण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम जानकी की आरती के साथ आकर्षक झांकी महिलाओं के द्वारा अपने सिर पर जल कलश यात्रा नर्तक दलो की बेहतरीन नृत्य के साथ बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक निकाली गई। इस दौरान समाज के छोटे बड़े नवजवान युवा साथी झूमते गाते भगवान श्री राम की जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुए मुख्य सभा स्थल पर पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा ने कहा निषाद समाज बहुत ही सरल सहज एवं मेहनत कस लोगों का समाज है पहले नदी में डोगा चलाकर अपने एवं अपने परिवारजनों वालों का भरण पोषण करते हुए सरल जीवन जीते थे। नदी में डोगा एवं मछलियो का व्यवसाय मुख्य धंधा हुआ करते थे।आज समय के साथ निषाद समाज में काफी बदलाव आया है निषाद समाज अब पहले से कहीं ज्यादा पढ़े लिखे एवं अनेक नौजवान नौकरी कर समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं। धनराज सुर्यवंशी नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा निषाद समाज जिस तरह से आज एकता एवं भाईचारा का संदेश दे रहे है वह बधाई के पात्र हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर आगे बढ़ रहा हैं जो हम सभी के लिए एक मिशाल है।इस अवसर पर जगदीश यादव पार्षद एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, दीपक श्रीवास उपाध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर दान सिंग निषाद, सुखी राम निषाद ने भी सभा को संबोधित किया।

- हर्षोल्लास के साथ मना निषाद समाज जयंती और सामाजिक



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजू साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर,हेमनारायण महिलांग, पार्षद, रामाधीन साहू पार्षद, मंजूलता हरित मंडल अध्यक्ष फिंगेश्वर, मनोहर निषाद 84पाली अध्यक्ष, अशोक निषाद 7 पाली अध्यक्ष फिंगेश्वर,इंदरमन निषाद अध्यक्ष निषाद समाज दर्रीपार, गोविंद निषाद,गोपी निषाद,दुखू निषाद, यादराम निषाद, नकुल निषाद, लेखराम निषाद, शत्रुघ्न निषाद, गोवर्धन निषाद,परस निषाद, आशाराम निषाद,नरेश निषाद,ढेलू निषाद, केजऊ निषाद, सीताराम निषाद,देवनाथ निषाद,मणीराम निषाद, चन्द्रशेखर निषाद,संतू निषाद,टेटकू निषाद, कैलाश निषाद, कांति निषाद, फुलेश्वरी निषाद, दामिनी निषाद, देवकी निषाद गायत्री निषाद, गिरजा निषाद, हेमबाई निषाद, नेमीन निषाद, खिलवंतिन निषाद, खेदिया निषाद, रूखमणी निषाद, मानकी निषाद उपस्थित थे। रात्रिकालीन कार्यक्रम दुर्रबंजारी का नाचा प्रोग्राम लगा हुआ था।कार्यक्रम का संचालन थानू राम निषाद ने किया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## सात लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**गरियाबंद।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर बीएस उइके ने एक कार्य के लिए सात लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पंचायत देवभोग में पानी टैंकर क्रय करने के लिए सात लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत देवभोग को सौंपा गया है।

## मैनपुरकला कसाबाय में निकाली गई शोभायात्रा



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत मैनपुरकला कसाबाय में 22 जनवरी से श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है आज बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना कर दो दिवसीय श्री रामचरितमानस कार्यक्रम का शुभारंभ में शोभा यात्र निकालकर समस्त ग्रामीणों द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया जिसमें गांव के बुजुर्ग एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे गांव में हर्ष उत्साह रहे और शांति खुशहाली बनी रहे इस उद्देश्य को लेकर गांव के समस्त ग्रामीणों द्वारा दो दिवसीय मानस सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें समस्त क्षेत्र वासियों को राम रसपान करने के लिए आवाहन किया गया है।

# रामो विग्रहवान धर्मः गरियाबंद में तीसरे दिन भी गूंजा रामकथा का अमृत

**गरियाबंद।** धर्मनगरी गरियाबंद इन दिनों पूरी तरह राममय वातावरण में डूबी हुई है। रामो विग्रहवान धर्म की जीवंत अनुभूति के साथ गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन के तीसरे दिन भी भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। भगवान श्रीभुतेश्वरनाथ महादेव, माँ शीतला एवं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र जी की असीम कृपा से आयोजित यह भव्य सम्मेलन 19 से 22 जनवरी तक चल रहा है। आयोजक टीम के सदस्य प्रकाश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और रामकथा की जीवंत परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि अब तक 15 मानस मंडलियाँ अपनी संगीतमय प्रस्तुतियाँ दे चुकी हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित और अनुभवी मंडलियाँ शामिल हैं। सम्मेलन में करुणा मानस परिवार द्वारा प्रस्तुत श्रीरामचरित मानसगान ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। चौपाई आधारित प्रस्तुति की परंपरा के अनुसार आयोजकों द्वारा दी गई चौपाइयों पर मंडलियों ने भाव, संगीत और अभिनय के माध्यम से रामकथा के विविध प्रसंगों को जीवंत किया। प्रस्तुतियों में राम जन्म, वनगमन, भरत मिलाप, शबरी संवाद, सीता हरण, हनुमान चरित एवं रामराज्य जैसे प्रसंगों की प्रभावशाली झलक देखने को मिली।

### राज्यस्तरीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन में भक्ति, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम

#### रामराज युवा संगठन की सराहनीय भूमिका

श्री रामराज युवा संगठन एवं समस्त नगरवासी गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन को सफल बनाने में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। आयोजन समिति द्वारा मंच व्यवस्था, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। आयोजकों ने बताया कि 20, 21 एवं 22 जनवरी 2026 को प्रतिदिन सायं 7 बजे विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि दोपहर 2 बजे से संगीतमय मानसगान की प्रस्तुतियाँ निरंतर चलेंगी। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मेलन में पहुंच रहे हैं।



### विधायक रोहित साहू ने की ऐतिहासिक घोषणा

# आजादी के बाद पहली बार टेंगनाबासा से राजपुर तक बनेगी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा/रसेला





क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विधायक रोहित साहू ने एक और बड़ी सौगात की घोषणा की है। आजादी के सात दशकों के लंबे इंतजार के बाद अब टेंगनाबासा से राजपुर तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह घोषणा विधायक ने ग्राम मोहराडीह में आयोजित भव्य रामचरित मानस यज्ञ के दौरान की, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

विधायक रोहित साहू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि टेंगनाबासा से राजपुर के बीच पक्की सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से आवागमन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। आजादी के इतने वर्षों बाद भी हमारे ग्रामीण भाई-बहन कच्ची राहों पर चलने को मजबूर थे। इसके पूर्व मोहराडीह में आयोजित रामचरित मानस यज्ञ के समापन अवसर पर पहुंचे विधायक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि मानस की चौपाइयां हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं और समाज में समरसता का संदेश देती हैं। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जहां भक्तिमय वातावरण के बीच विधायक ने क्षेत्र की प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा। अपने संबोधन में विधायक ने अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर का भी भावुकता से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और तपस्या के बाद आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपने भव्य महल में विराजमान हुए हैं। यह हर भारतीय के लिए गर्व और अस्मिता का विषय है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक बताया।

#### सरकार श्रद्धालुओं के सपने कर रही साकारः व/span>

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी श्रीरामलला दर्शन योजना पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि सरकार हर श्रद्धालु के सपने को साकार कर रही है। प्रदेश के बुजुर्गों और श्रद्धालुओं को सरकारी खर्च पर अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा रहे हैं। विधायक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अयोध्या जाकर नवनिर्मित मंदिर में रामलला के दर्शन करें। कार्यक्रम को भाजपा मण्डल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने भी संबोधित किया।

#### ग्रामीणों ने जताया आभार

टेंगनाबासा से राजपुर तक पक्की सड़क की घोषणा, कार्यक्रम स्थल पर डोम शेड के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा तथा टेंगनाबासा में पीडीएस भवन की स्वीकृति के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए आभार प्रकट किया । सड़क बनने से टेंगनाबासा और राजपुर के बीच की दूरी कम समय में तय होगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियां खत्म हो जाएंगी।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, भाजपा जिला मंत्री जगदीश यादव, सरपंच राजकुमारी ध्रुव, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक ठाकुर,थानसिंह निषाद, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, भवानी शंकर सेन, सुजल कोठारी, निखिल साहू, रमेश सिन्हा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, साधु संत और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शिव महापुराण की कथा में पं. युवराज ने सृष्टि एवं काल चक्र का किया वर्णन





**अभनपुर।** ग्राम खिलोरा मे नवदिवसीय शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन राष्ट्रीय कथावाचक पं.युवराज पाण्डेय ने शिवमहापुराण की महिमा का रसपान कराते कहा कि भगवान के एक एक रोम मे करोड़ो ब्रम्हाण्ड है,उम्र गणना हमारा सौ वर्ष देवताओ को एक दिन कहलाता है। जब देवाताओ का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब देवता लोग भी मरते है। समय समय मे देवता बदलते रहते है काल गणना, इन्द्र उस आसन का नाम है वरूण उस स्थान का नाम है,अग्नि उस स्थान का नाम है समय समय मे इन्द्र बदलते रहते है,एक ही इन्द्र देव परमानेंट नही बैठते ,अपने कर्म के अनुसार,पुण्य के अनुसार कुर्सी बदलता रहता है। काल गणना मे सप्त ऋषि भी समय समय मे बदलते रहते है। जब देवाताओ को सौ वर्ष पूर्ण होता है वह ब्रम्हा जी का एक दिन कहलाता है और जब ब्रम्हा जी का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब ब्रम्हा जी निर्वाण लेते है वह भगवान शंकर का एक दिन कहलाता है और जब भगवान शिव का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब वह शिव ज्योति मे समावेश हो जाते है एवं भगवान शंकर का सौ वर्ष नारायण 1 दिन कहलाता है और भगवान नारायण का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब एक सृष्टि चक्र पूर्ण होता है।

हमारे सनातन संस्कृति मे घर मे विवाह के बाद सबसे बेटी जन्म लेना शुभ माना जाता है,सनातन मे नारी के स्थान को तो सदैव सर्वोच्च ही रखा गया है,एसा कहा जाता है कि जिस व्यक्ति के घर विवाह के उपरांत सबसे पहले जन्म बेटी का होता है उसके पिता कभी दरिद्र नही हो सकता, जिस घर मे नारी का सम्मान होता है संसार के देवी देवता घर मे निवास करते है और जिस घर मे नारी के आंख मे आंसू आते है उसके घर मे लक्ष्मी स्थिर नही होते।

पंडरिया विधायक भावना वोहरा व कांग्रेसी नेता गिरीश देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि कथा का श्रवण करने पहुंचे,इस क्षेत्र मे इतने वृहद स्तर पर कथा के आयोजन मे बड़ी संख्या मे लोग शिवमहापुराण कथा सुनने पहुंच रहे है। कथा स्थल मे भगवान शिव परिवार का मंदिर एवं भव्य कैलाश पर्वत श्रद्धालुओ को आकर्षित कर रही है।

## श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में छात्र-छात्राओं ने दिखाई गणितीय प्रतिभा

**गरियाबंद।** जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह के निर्देशानुसार जिले में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में जिला स्तरीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद में संपन्न हुआ, जिसमें जिलेभर से आए विद्यार्थियों ने अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भागीरथ सोनी, सहायक प्राध्यापक, शासकीय सुरेंद्र साय महाविद्यालय, गरियाबंद उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में गणित के छोटे-छोटे सूत्रों के माध्यम से गणित को सरल बनाने के उपाय बताए तथा विद्यार्थियों को गणित को रुचिकर विषय के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने गणित को सरल तरीके से समझने, सूत्रों के माध्यम से प्रश्नों को हल करने तथा नियमित अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ने कहा कि गणित विषय सूत्रों पर आधारित है और यदि सूत्रों की मूल अवधारणा स्पष्ट हो जाए तो गणित को बहुत ही आसानी से समझा जा सकता है।

#### गणित दिवस पर हुईं विभिन्न स्पर्धाएं

गणित दिवस के अवसर पर मॉडल प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जिलेभर के गणित व्याख्याताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आई. पी. साहू, सहायक नोडल ज्ञानेंद्र शर्मा, केशव कौशिक एवं प्रदीप यादव ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



#### विजयी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बुद्ध विलास सिंह द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन में यदि विद्यार्थी गणित को समझने का प्रयास करें, तो यह विषय स्वतः ही आसान होता चला जाता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से लक्ष्मी देवांगन, शिखा देवांगन, शेखर साहू, अजय तिवारी, हेमंत तिवारी, पप्पू वर्मा सहित जिलेभर के गणित व्याख्याता उपस्थित रहे। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में गणितीय प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ गणित विषय के प्रति रुचि एवं प्रेरणा विकसित की जा सकती है।

## सोरिद खुर्द में हुआ निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, ग्रामीणों में उत्साह

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्रापं सोरिद खुर्द में विकास कार्यों को गति देते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह भूमिपूजन विधायक रोहित साहू जी की अनुशंसा से स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत किया गया, जिससे ग्रामीणों एवं साहू समाज में हर्ष का वातावरण देखने को मिला।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत साहू समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये, रमई पाठ में टीना शेड निर्माण हेतु 15 लाख रुपये तथा ग्राम में हाई मास्क लाइट स्थापना के लिए 3 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन निर्माण कार्यों से सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ ग्राम की आधारभूत सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान साहू समाज एवं ग्राम के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने बाजा-गाजा के साथ जनप्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्सवमय बन गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि विधायक रोहित साहू जी के प्रयासों से ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द में लगातार विकास कार्य स्वीकृत हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा, चंद्रशेखर साहू, महामंत्री, पुष्पा देवानंद सिंन्हा, संदीपा पांडे, जगदीश यद्धु, मंत्री भाजप>, ग्राम पंचायत सोरिद के सरपंच चंद्रहास बारिहा, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेंद्र साहू, धनीराम साहू, वेद राम नंदे, पुरानद निर्मलकर, मनी यादव, हुलास साहू, हेमलाल साहू, खिलावन साहू, जगदीश साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मनरेगा ग्रामीण भारत की रीढ़, मजदूरों से खिलवाड़ का हर स्तर पर विरोध होगाः रूपेश

**छुईहा बेलर/फिंगेश्वर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने और उसके स्थान पर नई योजना लागू करने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत दूसरे दिन व्यापक जनआंदोलन देखने को मिला। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में यह पदयात्रा ग्राम पंचायत चैतरा से प्रारंभ होकर सेंदर, परसष्ठी, बारूला होते हुए लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय कर ग्राम पंचायत बेलर में गांव में घुमकर नारे के साथ जागरूक किया,आमसभा फिर हुई। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण भारत की रीढ़ है और मजदूरों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा को समाप्त कर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) लागू करने की कोशिश ग्रामीण मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है।



**गांधी जी का नाम हटाना उनकी विरासत का अपमानः साहू :** रूपेश साहू ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और ग्रामीण आत्मनिर्भरता के विचारों की जीवंत अभिव्यक्ति है। ऐसे में योजना से गांधी जी का नाम हटाना उनकी विरासत का अपमान है। उन्होंने इसे गांधीवादी विचारधारा के खिलाफ बताते हुए कहा कि “गोडसेवादी सोच रखने वाले लोग गांधी जी की दूसरी हत्या कर रहे हैं।”

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मनरेगा मजदूरों को जागरूक करेगा और बताएगा कि किस तरह भाजपा सरकार ने मूल अधिनियम को कमजोर कर मजदूरों की कानूनी रोजगार गारंटी को खतरे में डाल दिया है।

**कांग्रेस का दावाः राज्यों पर बढ़ाया जा रहा आर्थिक बोझ :** कांग्रेस का दावा है कि नई योजना में न तो रोजगार की पक्की गारंटी है और न ही मजदूरों के अधिकार सुरक्षित हैं, उल्टे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। सभा को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष शेखर साहू ने कहा कि कांग्रेस का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है—मनरेगा सिर्फ योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की आजीविका की गारंटी है। इसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मूल मनरेगा को बहाल करने और योजना में महात्मा गांधी का नाम पुनः जोड़ने की मांग की।

### मैनपुर ब्लॉक में मनरेंगा बचाव पदयात्रा का शुभारंभ बड़ी संख्या में हो रहे क्षेत्र के ग्रामीण शामिल

# कांग्रेस हर गांव हर मजदूर की आवाज बनकर मजबूती से मैदान पर खड़ी हैः रामकृष्णा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेंगा के नाम में बदलाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा आज बुधवार से मनरेंगा बचाव संग्राम के तहत पदयात्र का शुभारंभ किया गया ग्राम पंचायत जाड़ापदर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर पूरे जाड़ापदर, तुहामेटा, जिड़ार, सिंहार एवं राजीव गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट पहुंचकर गांव के गली गली में पैदल यात्र कर रैली निकाली गई और सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा मनरेंगा बचाव जनआंदोलन के माध्यम से क्षेत्र के अंतिम छोर तक पहुंचकर ग्रामीणों मजदूरो और किसानो को मनरेंगा की वास्तुविक भावना इसके अधिकार आधारित स्वरूप और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियो के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा मनरेंगा कोई साधारण योजना नही बल्कि देश के नागरिको को मिला काम का संवैधानिक अधिकार है उन्होने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार मनरेंगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है काम के दिनो में कटौती मजदूरी भुगतान में देरी और योजनाबद्ध तरीके से बजट कम कर गरीबो मजदूरो को उनके अधिकारो से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। मनरेंगा कोई योजना नही यह गरीबो और मजदूरो का अधिकार है इस अधिकार से अब कोई खिलवाड़ नही होने दिया जायेगा। कांग्रेस के किसान नेता टीकम सिंह कपिल ने कहा कांग्रेस हर गांव हर मजदूर की आवाज बनकर मजबुती से मैदान में खड़ी है यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीण है जिसे कमजोर करना सीधे सीधे गरीबो पर हमला है कांग्रेस पार्टी ऐसे हर प्रयास का सड़क से सदन तक विरोध करती रहेगी।




#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, किसान नेता टीकम सिंह कपिल, लिकेश यादव, डोमार साहू, शाहिद मेमन, इमरान खान, जाड़ापदर सरपंच उपासीन नागेश, हरचंद ध्रुव, तुहामेटा सरपंच सुबेसिंह मरकाम, पिले”वर सोरी, संजय देववंशी, मिचल सोरी, रोहन मरकाम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, दामोदर मरकाम, धनसाय सोरी, सुकलाल सोरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व सरपंच पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

